BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

साइबर क्राइम थाना जनपद भदोही **दिनांक:06.02.2025**

◆पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही द्वारा पीड़ित के खाते में 1,06,742/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस।

◆स्थानान्तरित धनराशि अपने खाते में पाकर पीड़ित द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद।

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक ईश्वर चन्द्र यादव पुत्र वंशराज यादव निवासी अर्जुनपट्टी थाना औराई जनपद भदोही के साथ दिनांक 06.01.2025 को क्रेडिट कार्ड के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी कर भिन्न-भिन्न खातो में 1,71,047/- रुपये फ्रॉड कर लिया गया था। साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम निरी0 श्री श्याम बहादुर यादव प्रभारी साइबर क्राइम थाना व हे0का0 गोवर्धन कुशवाहा द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए 1,06,742/- रु0 की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानिया-

1.साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें।

3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।

5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।